# यूपीईएस यूनिवर्सिटी में एआई के बढ़ते यूज पर हुई चर्चा



**DEHRADUN (5 Dec):** यूपीईएस यूनिवर्सिटी में देश-दुनिया के शोधकर्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की उपयोगिता पर शोध पत्र प्रस्तुत किए और उसकी बढ़ती उपयोगिता पर अपने विचार रखे. यूपीईएस स्कूल ऑफ डिजाइन ने ह्यूमैन कम्प्यूटर इंटरेक्शन (एचसीआई) के क्षेत्र में प्रतिष्ठित इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया. इस आयोजन में एसोसिएशन फॉर कम्प्यूटिंग मशीनरी एसीएम का सहयोग लिया गया. एसोसिएशन फॉर कम्प्यूटिंग मशीनरी फॉर इनेबलिंग क्रिएटिविटी विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमीनार के प्रमुख वक्ताओं में आईडीसी स्कूल ऑफ डिजाइन के प्रो. वेंकटेश राजामणिक्कम, आईआईटी मुंबई के प्रो. जेनेट रीड यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट्रल लंकाशायर ब्रिटेन लारेंस लू, एक्सोफैंस एआई के संस्थापक डॉ. बलविंदर सिंह, सैमसंग इंडिया के वीपी सिंह ने अपने विचार रखे. वक्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस व डिजाइन एजूकेशन के भविष्य को लेकर अपने विचार रखे.